DJ No - 786
Dt 16/10/2023

DIRECTOR SHRI SADASHIV CAMPUS <director-puri@csu.co.in>

# शोधमार्गदर्शक एवं सह-शोधमार्गदर्शक नियुक्त करने हेतु नियम के सन्दर्भ में ।

1 message

**Research & Development Cell** <rdc@csu.co.in> Mon, Oct 16, 2023 at 12:37 PM

To: director-academic@csu.co.in, DIRECTOR SHRI RAJIV GANDHI CAMPUS <director-sringeri@csu.co.in>, DIRECTOR JAIPUR CAMPUS <director-jaipur@csu.co.in>, director-lucknow@csu.co.in, DIRECTOR SHRI SADASHIV CAMPUS <director-puri@csu.co.in>, VEDVYAS CAMPUS <director-balahar@csu.co.in>, DIRECTOR EKALAVYA CAMPUS <director-agartala@csu.co.in>, Bhopal Campus <director-bhopal@csu.co.in>, "DIRECTOR - GANGANATH JHA CAMPUS, PRAYAGRAJ" <director-prayagraj@csu.co.in>, DIRECTOR GURUVAYOOR CAMPUS <director-thrissur@csu.co.in>, director-devprayag@csu.co.in, DIRECTOR SHRI RANBIR CAMPUS <director-jammu@csu.co.in>, director-mumbai@csu.co.in, vsm_asss@yahoo.com, cifss@chinfo.org, SriSitaramVaidicAdarshaSanskrit Mahavidyalaya <ssvasm@gmail.com>, PPSM Bangalore <ppsmb1@gmail.com>, "cc: RESEARCH CENTRE R. G. CAMPUS" <rc_rgc@csu.co.in>, rc_jpc@csu.co.in, rc_ksc@csu.co.in, rc_lnc@csu.co.in, RESEARCH CENTRE BHOPAL CAMPUS <rc_bpc@csu.co.in>, RESEARCH CENTRE AGARTALA CAMPUS <rc_elc@csu.co.in>, rc_gvc@csu.co.in, rc_ssc@csu.co.in, rc_gnjc@csu.co.in, rc_hq@csu.co.in, rc_rkc@csu.co.in, rc_rbc@csu.co.in, rc_vvc@csu.co.in

नमस्ते
कृपया संलग्न फाइल का अवलोकन कीजिए ।

**Research & Development Cell**
Central Sanskrit University
Ganganath Jha Campus,
Azad Park, Prayagraj - 211002
0532-2460956 (Fax), 0532-2460957
Email Id- rdc@csu.co.in
Website- http://www.csu-prayagraj.res.in/

**2 attachments**

**1116.pdf**
252K

**Notification 04.10.23 (1).pdf**
701K

**OFFICE OF THE DIRECTOR**
**CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY**
**SHREE SADASHIVA CAMPUS, PURI(ODISHA).**

Notification No. 418 Date :-16.10.2023

Find Enclosed herewith the letter No.- CSU/GNJHA CAMPUS/R&P-54/2023/1112, Dtd:12.10.2023 received from Prof. Devadutt Sarode, Co-ordinator, CSU, Ganganath Jha Campus, Prayagraj (UP), is hereby sent to the following for information and necessary action accordingly .

01.Prof. ( Smt ) A.Prusty, Co-ordinator , R&D cell, CSU,SSC,Puri.
02.Dr. G.Shukla Asst.Co-ordinator, R&D cell, CSU,SSC,Puri.
03. All Faculty Members / Guides of the Research Scholars CSU,SSC,Puri.
04. WhatsApp group of Research Scholars for the year 2022-23 .
04. Campus Website for wide circulation.

(PROF. ATUL KUMAR NANDA)
DIRECTOR

18/10/23

शोधविकासप्रकोष्ठः
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
गङ्गानाथझापरिसरः, प्रयागराजः
( प्राक्तनं राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, मानितविश्वविद्यालयः )

Research & Development Cell
Central Sanskrit University
Ganganath Jha Campus, Prayagraj
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)

पत्रांक / Ref. : के.सं.वि./गं.ना.झा परिसर/शो.प्र.-03/2023/1116

दिनाङ्क / Dated: 16.10.2023

सेवा में,

**निदेशक/प्राचार्य**
सम्बन्धित परिसर/आदर्श महाविद्यालय
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

**विषय – शोधमार्गदर्शक एवं सह-शोधमार्गदर्शक नियुक्त करने हेतु नियम के सन्दर्भ में।**

महोदय,

शोधमार्गदर्शक, सह-शोधमार्गदर्शक एवं अन्तःशास्त्रीय/बहुशास्त्रीय विशेष शोधछात्रवृत्ति के सन्दर्भ में शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 26.07.2023 को आहूत उपवेशन में प्रस्तावित प्रस्तावों पर माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न अधिष्ठाता परिषद् के उपवेशन में संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त इससे सम्बन्धित अधिसूचना को दिनाङ्क 04.10.2023 को गङ्गानाथ झा परिसर के वेब-साइट पर को अपलोड किया गया था, जो कि अधुना सभी परिसरों/महाविद्यालयों/शोधकेन्द्रों को प्रेषित किया जा रहा है।

(प्रो. देवदत्त सरोदे)
संयोजक

प्रतिलिपि-

i. अधिष्ठाता, शैक्षिक वृत्त
ii. समस्त शोध केन्द्र
iii सम्बद्ध सञ्चिका

(प्रो. देवदत्त सरोदे)
संयोजक

● चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज - 211 002 ( उ.प्र. ), भारत ● Chandrashekhar Azad Park, Prayagraj - 211 002 (U.P.), India
E-mail - rdc@csu.co.in Tel. - 0532-2977532
RDC Website - http://www.csu-prayagraj.res.in/MRD.php Campus Website- http://www.csu-prayagraj.res.in

# शोध एवं विकास प्रकोष्ठ
## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
( शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन )
### गङ्गानाथ झा परिसर, चन्द्रशेखर आजाद पार्क,
प्रयागराज-211002 ( उ.प्र. )

दिनाङ्क -04.10.2023

## अधिसूचना- 2023/12

शोधमार्गदर्शक, सह-शोधमार्गदर्शक एवं अन्तःशास्त्रीय/ बहुशास्त्रीय विशेष शोधवृत्ति के सन्दर्भ में शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनांक-26.07.2023 को आहूत उपवेशन में प्रस्तुत प्रस्तावों पर माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में अधिष्ठाता परिषद् की संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त इन्हें सभी परिसरों एवं शोध संस्थानों में अनुपालनार्थ अधिसूचित किया जाता है।

1.1 विद्यावारिधि उपाधि प्राप्त नियमित प्राध्यापक अपने मुख्य विषय के अतिरिक्त जिस विषय में आचार्य/एम.ए. हो तथा उस विषय में तीन प्रकाशित शोधपत्र/परियोजना/प्रायोगिक कार्यानुभव हो तो वह उस विषय में भी शोधनिर्देशक हो सकते हैं।

1.2 यदि कोई शिक्षक अपने मुख्य विषय के अतिरिक्त किसी अन्य विषय के विशेषज्ञ हो तो सम्बन्धित विषय में तीन प्रकाशित शोधपत्र/परियोजना न होने पर भी स्थानीय शोध समिति के अनुमोदन पर उस शिक्षक को उस विषय का शोध निर्देशक बनाया जा सकता है।

2.1 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनाङ्क 07.11.2022 को निर्गत शोधनिर्देशक/सह-शोधनिर्देशक बनने हेतु पात्रता/मानदण्ड से सम्बन्धित दिशा निर्देश के नियमक्रमाङ्क 6.1 के आलोक में "अनुबन्ध सङ्काय सदस्य (एडजंक्ट फैकल्टी) शोधनिर्देशक नहीं हो सकते, वे केवल सह-शोधनिर्देशक के रूप में कार्य कर सकते हैं" इसके अनुसार किसी विषय-विशेष की विशेज्ञता रखने वाले संविदा/अतिथि प्राध्यापक या केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वे अधिकारी जो निरन्तर शोध गतिविधि जैसे प्रकाशन/परियोजना में संलग्न हैं, यदि वे विद्यावारिधि की उपाधि प्राप्ति तिथि से विश्वविद्यालय में 2 वर्ष का अध्यापन अनुभव अथवा दो वर्ष का शोध परियोजना/पी.डी.एफ. का अनुभव रखते हों तो वे सह-शोधनिर्देशक हो सकते हैं।

2.2 किसी प्रायोगिक विषय में विशेषज्ञता रखने वाले विशेषज्ञ जिनका सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 10 वर्ष का प्रायोगिक अनुभव हो वे विशेषज्ञ भी स्थानीय शोधसमिति के परामर्श पर सह-शोधनिर्देशक हो सकते हैं।

3\. अन्तर्विषयक/बहुविषयक शोधविषय होने पर आवश्यकता के अनुरूप केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से इतर शैक्षणिक संस्थानों के विभाग/केन्द्र/महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को सह-मार्गनिर्देशक बनाया जा सकता है।

4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 2022 एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यावारिधि मार्गदर्शिका के अनुरूप समान विभाग या अन्य विभाग के प्राध्यापकों को सह-मार्गनिर्देशक बनाया जा सकता है।

5. अन्तःशास्त्रीय शोध करने वाले छात्रों को विशेषज्ञ समिति के द्वारा साक्षात्कार में प्रदत्त अङ्कों की वरीयता के आधार पर साक्षात्कार के अनन्तर नोटिफिकेशन की तिथि से यह छात्रवृति (16,000/- प्रतिमाह) देय होगी

**(प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी)**
अधिष्ठाता (शोध)

**प्रतिलिपि-**

1. अधिष्ठाता (शैक्षणिक)
2. कुलपति के विशेष कार्याधिकारी
3. परीक्षा नियंत्रक
4. समस्त परिसर/ सम्बद्ध महाविद्यालय एवं शोध संस्थान
5. कार्यालय आदेश पञ्जिका/ सञ्चिका
6. सम्बन्धित सञ्चिका

**(प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी)**
अधिष्ठाता (शोध)